संक्षेप

## मवेशियों को भेजा गया गोआश्रय केंद्र

**प्रतापगढ़।** किसानों की फसल को क्षति पहुंचा रहे बेसहारा मवेशियों को शुक्रवार को ग्रामीणों ने पेयजल टंकी परिसर में कैद कर दिया था। सूचना के बाद शनिवार को मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजवाया गया। लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत हण्डौर में झुण्ड में घूम घूम कर फसलों को नष्ट कर रहे करीब चार दर्जन बेसहारा मवेशियों को ग्रामीणों ने इकटठा कर हाइवे किनारे स्थित पेयजल टंकी परिसर में कैद कर दिया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ब्लाककर्मियों को दी थी। सूचना के बाद शनिवार को सभी मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजवाया गया। एडीओ पंचायत सुभाष सिंह ने बताया कि सभी मवेशियों को गोआश्रय केंद्र देवली में भेज दिया गया है।

## मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के ढखवा मुस्तफाबाद निवासी मोहन लाल पुत्र रामखेलावन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 21 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के मुन्नालाल यादव पुत्र मातादीन यादव वहां पहुंचे और गाली देते हुए मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते चला गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पशुपालकों को सुझाये गये उपाय

**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत हण्डौर में शनिवार को पशुपालन विभाग के तत्वाधान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद पशु चिकित्साधिकारी लक्ष्मणपुर डा0 सुनील मिश्र ने पशुपालकों को पशुओं की देखभाल व उनसे जुडी बीमारियों के प्रति आवश्यक जानकारियां दी। चिकित्सक ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली खुरपका, गला घोंटू, मुंहपका आदि बीमारियों से प्रारंभिक बचाव के भी उपाय सुझाये। वहीं पशुपालकों में पशुओं के लिए दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ. अनिल पटेल, धर्मेन्द्र यादव, अखिलेश शुक्ला, अमन गौतम, केशलाल, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## अवैध सामान के अभियुक्त गिरफ्तार

**मोहाना, सिद्धार्थनगर।** थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मोहाना थाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 बोरी यूरिया खाद व 514 मोबाइल डिसप्ले, 40 मोबाइल बैक कवर,60 मोबाइल बैटरी, 01 स्क्रीन प्रोटेक्टर कटर मशीन व 01 साइकिल के साथ1 अभियुक्त को बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया । एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर एवं श प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में 24.01.2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस एसएसबी की सं?क्त टीम द्वारा 01 बोरी यूरिया खाद व 514 मोबाइल डिसप्ले ,40 मोबाइल बैक कवर,60 मोबाइल बैटरी ,01 स्क्रीन प्रोटेक्टर कटर मशीन व 01 साईकिल के साथ 01अभियुक्त को सीमा स्तम्भ संख्या 544 में चेकिंग के दौरान बरामद किया गया।

# मिशन शक्ति टीम ने पूर्व मा.वि. के छात्राओं को किया जागरूक




**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** थाना उसका बाजार मिश शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के पुर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम उटिया मे जाकर छात्र/छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, गुड-टच, बैड-टच, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे मे जानकारी दिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के अनुपालन व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में गत 24.01.2026 को प्रभारी निरीक्षक हरें कृष्ण उपाध्याय थाना उसका बाजार के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के पुर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम उटिया मे जाकर छात्र/छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, गुड-टच, बैड-टच, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव हेतु के बारे मे जानकारी दिया गया । इसके अलावा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में भी जानकारी दिया गया तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बंधी साइबर हेल्पलाइन नंबरों एवं नये कानून तथा मुख्यमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दिया गया।

**बालिकाओं को किया जागरूक**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के पथरा थानाध्यक्ष अमित कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुए पथरा बाजार थाना पुलिस शक्ति दीदी द्वारा नये कानून व साइबर अपराध सुरक्षा हेतु हेल्प लाइन नंबरो की जानकारी देते हुए जागरुक किया पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक द्वारा ₹महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार वर्मा* क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में गत 24/01/2026 को थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना- पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में कम्पोजिट विद्यालय खोरिया रघुवीर सिंह में जाकर बालिकाओं बच्चियों व महिलाओं को जागरूक किया गया।

# रोजर शू फैक्ट्री में सुपरवाइजर ने ही की थी करोड़ो की चोरी

**आगरा।** प्रेमिका संग बंगलूरू में बसने के लिए सुपरवाइजर ने शू फैक्टरी में चोरी कराई थी, लेकिन पुलिस ने उसके सपनों पर पानी फेर दिया। पुलिस ने सगे भाइयों समेत तीन को गिरफ्तार किया है। प्रेमिका के साथ शादी कर बंगलूरू में बसने के लिए सिकंदरा क्षेत्र की रोजर शू फैक्टरी में सुपरवाइजर ने ही चोरी कराई थी। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी सुपरवाइजर, उसके सगे भाई और दोस्त को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। पीड़ित ने 54 लाख रुपये और जेवर चोरी होना बताया था। पर, आरोपियों से 66 लाख नकद, 7.5 करोड़ से अधिक कीमत के गहने और चांदी के बर्तन बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कमिश्नरेट में किसी चोरी की घटना में यह अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी है। सिकंदरा के नेशनल हाईवे स्थित रोजर शू इंडस्ट्रीज में 18 जनवरी की रात छत के रास्ते घुसे चोरों ने पहली मंजिल पर फैक्टरी संचालक के ऑफिस में बने लॉकर से नकदी और गहने चोरी किए थे। अगले दिन संचालक दीपक बुद्धिराजा ने प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में गहने और नकदी की जानकारी नहीं दी। बाद में 54 लाख रुपये और पत्नी के गहने होने की जानकारी दी। 2016 में गहनों का मूल्य 85 लाख रुपये होना बताया था। फैक्टरी में लगे सीसीटीवी में एक चोर दिखा था। वह फैक्टरी सुपरवाइजर बाह के बटेश्वर निवासी अनुपम शर्मा जैसा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसने चोरी कबूल की। उसके पास 66.33 लाख रुपये मिले। अधिक बरामदगी पर पुलिस संतुष्ट थी लेकिन दीपक बुद्धिराजा नहीं। उन्होंने गहने पुश्तैनी और बहुत कीमती होने की बात कही। जेवरात का पता नहीं चलने पर पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास, एडीसीपी आदित्य कुमार और एसीपी हरीपर्वत अक्षय महाडीक, ट्रेनी आईपीएस अभय डागा के नेतृत्व में टीम गठित की। गिरफ्तार सुपरवाइजर की लोकेशन के आधार पर गूगल रूट मैप बनवाया गया। उसकी कॉल डिटेल से प्रेमिका का पता चला। पुलिस ने प्रेमिका को भी जेल भेजने की धमकी दी तो आरोपी टूट गया। उसने पुलिस को बताया कि चोरी में उसने सगे भाई अनुराग और मित्र बाह निवासी संजय सिंह को शामिल किया था। गहने गड्ढा खोदकर जमीन में छिपाया है। पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए गड्ढा खुदवाया और जेवरात बरामद किए। निशानदेही पर पुलिस ने 66.33 लाख नकद, 3.800 किलोग्राम सोने व हीरे के गहने, 5.5 किलोग्राम चांदी बरामद किए।

# चौपाल के जरिये शिक्षा की मजबूती पर दिया जोर




**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय पूरे कला की न्याय पंचायत भदारी कला में आयोजित शिक्षा चौपाल में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह भी शामिल हुए। अपने संबोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों मे बुनियादी शिक्षा व गणनात्मक शिक्षा की दक्षता पर जोर दिया। उन्होने अभिवावकों से बच्चों को घर में भी शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में लोगों को मतदाता जागरूकता के प्रति संकल्प भी दिलाया गया। इस मौके पर आशीष द्विवेदी, अरविंद पाण्डेय, आशीष मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अम्बरीश मिश्र, श्याम मिश्र, योगेश शुक्ल, प्रीती गुप्ता, शैलेष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बजट सत्र में सर्वदलीय बैठक में प्रमोद तिवारी करेंगे विपक्ष का नेतृत्व, खुशी

**प्रतापगढ़।** संसद के सर्वाधिक महत्वपूर्ण बजट सत्र में इस बार सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को कांग्रेस संसदीय दल की ओर से नेतृत्व के लिए अधिकृत किया गया है।



बजट सत्र में विपक्ष के नेतृत्व की अहम जिम्मेदारी मिलने की जानकारी पर शनिवार को यहां समर्थकों व कार्यकताओं में खुशी देखी गयी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने संयुक्त रूप से पार्टी के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी को बजट सत्र को लेकर आगामी सत्ताईस जनवरी को होने वाली परम्परागत सर्वदलीय बैठक में नेतृत्व का दायित्व सौंपा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी के बेहतर संसदीय ज्ञान व राज्यसभा में अहम मुददों पर तार्किक क्षमता को देखते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी सौपने का फैसला लिया है। संसद सत्र के दौरान बजट सत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण आंका जाता है। ऐसे में उच्च सदन राज्यसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को विपक्ष की ओर से सदन में चर्चा के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने पक्ष रखने की प्रभाविकता को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। पार्टी नेतृत्व की ओर से प्रमोद को यह जिम्मेदारी मिलने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरिए विज्ञप्ति दी है। वहीं पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों में सांसद प्रमोद तिवारी के अनुभव को देखते हुए पार्टी के इस बड़े फैसले को लेकर खुशी भी देखी गयी।

## फार्मर रजिस्ट्री कराने पर अभियान के जरिये जोर

**प्रतापगढ़।** फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। सांगीपुर विकासखण्ड में चकबंदी अधिकारी अविनाश पाण्डेय द्वारा शनिवार को हरी झंडी दिखाकर फार्मर रजिस्ट्री प्रचार वाहन को रवाना किया गया। उन्होने बताया कि वाहन उप जिलाधिकारी लालगंज द्वारा निर्धारित रूट मैप पर क्षेत्र के मुस्तफाबाद, खानीपुर, पूरे नेवल, रांकी, राहाटीकर, अठेहा, ननौती, पेड़रिया, मंगापुर, रामनगर कोल आदि क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर राजकुमार सिंह, अमित कुमार मौर्य, राजेश, सियाराम, जगत नारायण, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आगरा में गैंगवार, हत्यारोपी को गोलियों से भूना

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया जलेसर रोड पर एक होटल के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्यारोपी राज चौहान की हत्या कर दी गई। मौके पर डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास समेत कई थानों का फोर्स पहुंचा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। शराब पीने के दौरान हुए विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हाथरस के सादाबाद के गांव बेदई के मूल निवासी राज चौहान का परिवार काफी समय से ट्रांस यमुना में रहता है। राज चौहान हत्या के प्रयास के मामले में एक वर्ष से जेल में निरुद्ध था। वह 2 दिसंबर को ही रात जेल से बाहर आया था। उसके भाई हर्ष ठाकुर के आह्वान पर सैकड़ों युवकों ने जिला जेल पर स्वागत के बाद जुलूस निकाला था। न्यू आगरा पुलिस ने 12 नामजद और 200 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की थी। 10 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। बाद में आरोपी का भी शांति भंग में चालान किया गया था। शुक्रवार को राज चौहान टेढ़ी बगिया जलेसर रोड पर एसएन होटल में दोस्तों के साथ था। वहां उसके कुछ परिचित युवक आए। इसके बाद कमरे में अचानक फायरिंग होने लगी। राज चौहान घायल अवस्था में भागते हुए बाहर गैलरी तक पहुंचा। पीछे से कमरे से निकले युवकों ने और गोलियां मार दीं। राज की मौके पर मौत हो गई। पुलिस को मौके से पांच खाली खोखे मिले हैं। राज के चार गोलियां लगी हैं। कमरे में शराब की खाली बोतलें और गिलास मिले हैं। पुलिस आरोपियों के बारे में पता लगा रही है। एहतियातन फोर्स तैनात किया गया है। आगरा के ट्रांस यमुना क्षेत्र में काफी समय से ठाकुर और यादव बिरादरी के नाम पर रंगबाजी चल रही थी। दोनों ही ओर से एक-दूसरे पर हमले हो रहे थे। राज चौहान ने मई 2024 में नगला रामबल के रहने वाले प्रिंस उर्फ काली यादव को उसके दोस्त सौरभ के घर के बाहर गोली मारी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक यमुनापार क्षेत्र में वर्चस्व की जंग चल रही थी। एक ओर राज चौहान था और दूसरी ओर आलोक यादव का गैंग। आलोक गैंग का सपोर्ट एक अन्य हिस्ट्रीशीटर भी कर रहा था। दोनों के बीच क्षेत्र के हर गलत काम की वसूली को लेकर तनातनी थी।

# यूपी स्थापना दिवस मनाया गया

- विकास व बेटियों के सशक्तिकरण का लिया संकल्प



**सिद्धार्थनगर।** लोहिया कला भवन में शनिवार को 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे पात्र लोगों को पक्के मकान मिल रहे हैं, सड़कों का विस्तार हो रहा है, कनेक्टिविटी बेहतर हो रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनने और सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है और सिद्धार्थनगर को नंबर एक बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने जिले की पहचान भगवान बुद्ध और काला नमक चावल से होने का उल्लेख किया। सांसद ने बताया कि महिलाएं सशक्त हो रही हैं और बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, जिससे समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

विधायक विनय वर्मा ने कहा कि तथागत बुद्ध की धरती पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जा रहा है और आज की बेटियां देश का भविष्य हैं। उन्होंने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार के साथ-साथ प्रदेश और देश को मजबूत कर रही हैं। उन्होंने जिले में प्रतिभाशाली लोगों की कमी न होने की बात कही।

# भव्यता से मना उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस




**श्रावस्ती।** जिले में 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ श्रीमती कुमकुम धर रहीं। उनके साथ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बालिकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्रीमती कुमकुम धर ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आर्थिक समृद्धि का उत्सव है, जो नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ता है। अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उप्र विकास के नए आयाम छू रहा है। जिलाध्यक्ष ने इसे मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम बताया। डीएम ने कहा कि उप्र को आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील बनाना हम सभी का सामूहिक लक्ष्य है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। अंत में जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# जिला खेल कार्यालय क्रॉस कंट्री दौड़ का करेगा आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 26 जनवरी 2026 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रांगण में होगी। जिला खेल कार्यालय एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिद्धार्थनगर इसका आयोजन कर रहे हैं। इसमें पुरुष वर्ग के लिए 5 किलोमीटर और महिला वर्ग के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ निर्धारित की गई है। जिला खेल कार्यालय के अनुसार, प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभाशाली धावकों को मंच प्रदान करना है। जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और खेल संस्थानों से जुड़े खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। यह दौड़ पूरी तरह से खेल भावना के साथ आयोजित होगी, और सभी प्रतिभागियों से अनुशासन तथा नियमों का पालन करने की अपेक्षा की गई है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में प्रथम छह स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को सम्मानित किया जाएगा। जिला खेल कार्यालय ने जनपद के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों, बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक छात्रों को इस दौड़ में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। सिद्धार्थनगर के क्रीड़ाधिकारी ने जनपद के खिलाड़ियों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी और दिशा-निर्देश आयोजन स्थल पर उपलब्ध होंगे।

## पुलिसकर्मियों को एसपी ने दिलायी शपथ



**श्रावस्ती।** मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस लाइन श्रावस्ती में तैनात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जनपद के समस्त थाना, चौकी एवं कार्यालयों में प्रभारी अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।शपथ के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी शपथ ली गई कि वे निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।शपथ के उपरांत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने स्वयं मतदान करने और आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी श्री सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान, क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक भी शिकायत का नहीं हो सका निस्तारण

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में शनिवार को अफसरों ने समस्याओं पर सुनवाई की। लालगंज में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व एसएसआई अरूण कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल सात शिकायतें आयी लेकिन निस्तारण शून्य रहा। वहीं सांगीपुर में कुल दस शिकायतें तथा उदयपुर में छः व लीलापुर में चार शिकायतें आयीं लेकिन मौके पर अफसर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं करा सके। सांगीपुर में थाना समाधान दिवस का संयोजन एसओ राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी व उदयपुर में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार तथा लीलापुर में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

## पूर्व प्रधान और उनकी मां के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधान व उनकी मां के आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम है। वहीं मौत की जानकारी होने पर क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैल गयी। ग्राम पंचायत पहाड़पुर के पूर्व प्रधान पचपन वर्षीय मनोज कुमार दुबे का बीमारी के चलते बीते गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। वहीं शनिवार को मृतक पूर्व प्रधान की मां नब्बे वषीर्या शिवकली का भी निधन हो गया। परिवार में तीन दिन के अंदर दो सदस्यों की आकस्मिक मौत हो जाने से राजकुमार दुबे, राजीव दुबे, संजय दुबे समेत परिजनों में कोहराम मचा है। मौत को लेकर हरिकेश तिवारी, अजय शुक्ल, संतोष मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र, संजीव तिवारी आदि ने गहरी संवेदना जतायी है।

## पीएम सूर्य घर योजना प्रचार वाहन रवाना

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सौर ऊर्जा के लाभों तथा योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त किया जा सकता है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और निर्धारित पोर्टल पर जाकर शीघ्र पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को अपनाकर न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त भविष्य की ओर भी मजबूत कदम बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, एसडीएम प्रवीण यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस जनवरी को उसकी पत्नी को अंतू निवासी सचिन वर्मा पुत्र तुलसीराम वर्मा अपहृत कर ले गया। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी सचिन के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी अंतिम चरण में

- पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया

जिला संवाददाता (vol)



**श्रावस्ती।** आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आज 24 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में सम्मिलित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा उन्हें पूरे जोश, अनुशासन एवं एकरूपता के साथ परेड करने के लिए उत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पुलिस की परेड अनुशासन, एकता और समर्पण का प्रतीक होती है।

26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह को प्रथम कमांडर, प्रतिसार निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार को द्वितीय कमांडर एवं उ0नि0 विनोद कुमार राणा को तृतीय कमांडर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त परेड के लिए विभिन्न टोलियों का गठन किया गया है, जिनमें अलग-अलग अधिकारियों को कमांडर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं महिला टोली एवं एसएसबी की टोलियों की भी अलग कमान निर्धारित की गई है। वाहन दस्ता की कमान संतोष कुमार यादव को दी गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्ष 2025 में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में जनपद के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान सहित पुलिस एवं एसएसबी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## क्रॉसिंग के पास मिला युवक का शव

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार की सुबह एक विक्षिप्त युवक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्यवाही कर रही है। निमार्णाधीन ओवर ब्रिज के पास किसी ने युवक का शव को देखकर पुलिस को सूचना दिया। थानाध्यक्ष सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए।उन्होंने शव को स्थानीय लोगों से चिन्हित करवाने का प्रयास किया।परन्तु उसकी शिनाख्त नही हो पायी।युवक टीशर्ट तथा फटा पैंट पहने हुए था।एक जैकेट भी उसके पास पुलिस ने बताया कि लोगों से पूछताछ से पता चला कि युवक विक्षिप्त था। वह हौज टोलप्लाजा से जगदीशपुर के बीच कई दिनों से टहलता नजर आ रहा था।सम्भवतः उसकी मौत ठंड लगने से हुई है।फिलहाल उसकी शिनाख्त नही है।उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## घर में घुसकर भाई-बहन को पीटा दो गिरफ्तार

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नईगंज तिराहे के पास शुक्रवार शाम कार हटाने को लेकर विवाद इतना बढ गया कि कार सवार युवकों ने घर में घुसकर भाई-बहन की बेरहमी से पिटाई कर दी। मौके पर भारी भीड एकत्र हो गई। बताते है कि लल्ला यादव के घर के सामने आर्टिका कार खडी थी, जिससे परिवार के लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। कार सवारों के लौटने पर जब मकान स्वामी ने कार हटाने को कहा तो मामूली कहा-सुनी ने झगडे का रूप ले लिया। आरोप है कि गुस्साए युवकों ने ईंट-पत्थर से घर पर हमला कर बिजली का मीटर समेत दरवाजा तोड डाला। इसके बाद वे घर के अंदर घुसे और लल्ला यादव के 18 वर्षीय पुत्र सौरभ यादव और 16 वर्षीय पुत्री श्रेया यादव को घसीटते हुए बाहर लाकर मारने लगे।घटना की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पीडित पक्ष की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी मनीष कुमार सिंह और आकाश कुमार सिंह, दोनों पुत्र सुरेश कुमार सिंह निवासी भिउरहा थाना बक्सा, को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। लोगों का कहना है कि पॉलिटेक्निक चैराहा से लेकर मुरादगंज बाईपास तक सडक के किनारे नर्सिंग होम और अस्पताल संचालकों द्वारा पार्किंग न बनाए जाने के कारण चार पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग आम बात हो गई है। इससे न केवल दुर्घटना का खतरा बढता है बल्कि आए दिन विवाद और मारपीट भी होती रहती है।

## 10 मिनट के लिए अंधेरे में डूबा शहर

जौनपुर। सिविल डिफेंस की ओर से हवाई हमले जैसी आपात परिस्थितियों में जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम 6 बजे से 6:10 बजे तक पुलिस लाइन के मैदान में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। कलेक्ट्रेट क्षेत्र, पुलिस लाइन एवं उसके आसपास के क्षेत्र सहित पूरे शहर में पूर्ण प्रकाश प्रतिबंध रहा। ब्लैक आउट का उद्देश्य हवाई हमले की स्थिति में क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, आवासों, सडकों और आम जनता को सुरक्षित रखना था। इस दौरान विद्युत आपूर्ति बंद रखकर बचाव संबंधी आपातकालीन विधियों का अभ्यास एवं प्रदर्शन कराया गया। यह अभ्यास सिविल डिफेंस कोर जौनपुर की सहायता से किया गया। प्रशासन ने क्षेत्र के समस्त प्रतिष्ठानों, चैंबरों, कार्यालयों एवं नागरिकों से पहले ही अपील की थी कि निर्धारित समयावधि में अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद रखें ताकि बाहर किसी प्रकार का प्रकाश दिखाई न दे। मॉक ड्रिल अभ्यास में भाग लेने पहुंचे जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने कहां की विश्व में अपने साहस पराक्रम और संगठित संगठन की शक्ति से सबका लोहा मनवाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मानते है। नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डन डॉ. मनोज वत्स ने बताया कि शुक्रवार को सायं 6बजे मॉक ड्रिल कराया गया जिसके लिए स्वयंसेवकों एवं विभागों को पूर्व में दिशा निर्देश दिया गया था।मॉक ड्रिल में सीडीओ ध्रुव खडिया, एडीएम वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, सिटी मजिस्ट्रेट‍उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा इंद्र नन्दन सिंह सीओ सिटी आई पीएस गोल्डी गुप्ता, चीफ वार्डन डॉ मनोज वत्स, मेजर भूपिंदर सिंह, सी ओ सदर देवेश सिंह, सूचनाधिकारी मनोकामना राय, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव अग्निशमन विभाग विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आपदा मित्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूपी होगा देश में सबसे पहले विकसित: राज्यमंत्री

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव की उपस्थिति में किया गया।

इसके पहले राज्यमंत्री द्वारा हरिऔध कला केन्द्र के ऑडिटोरियम में उप्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा बनायी गयी जनपद आजमगढ़ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को राज्य का दर्जा 24 जनवरी 1950 को मिला था। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश, सर्वोत्तम प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ कदम मिलाते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को पक्के मकान और आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। राज्यमंत्री ने प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, विंध्यवासिनी कॉरिडोर और काशी में बाबा भोलेनाथ के मंदिर का जीर्णोद्धार, नैमिषारण्य, शाकुंभरी देवी और अन्य धार्मिक स्थलों का विस्तार और विकास ऐतिहासिक उपलब्धि है।

इससे पूर्व राज्यमंत्री द्वारा हरिऔध कला केन्द्र के परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गयी प्रदर्शनी का फीटा काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा धात्री महिलाओं की गोद भराई एवं नवशिशुओं का अन्न प्रासन कराया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वारा सबसे ज्यादा रक्तदान करने पर मनीष कृष्णा, प्रिती यादव को, फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने पर अजय कुमार मौर्या (टीएसए) मार्टीनगंज, खाद्य प्रसंस्करण एवं मशरूम उत्पाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एफपीओ रजनीकान्त पाण्डेय एवं रविन्द्र मौर्य, प्रगतिशील किसान अर्जुन मौर्य एवं हरिकृष्ण दूबे, एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सुनील यादव पंचायत सहायत सहायक (बीएलओ) आदि को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेण्टो देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेण्टो देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व हरिहरपुर के कलाकारों द्वारा स्वागत गीत एवं तपस्या क्रिएटिव स्कूल द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वि/रा गम्भीर सिंह, डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव, पीडी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपी दिवस पर आजमगढ़ डीएम हुए सम्मानित

आजमगढ़। यूपी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 से पहले जिला योजना के लाभ में प्रदेश में 25वें स्थान पर था, लेकिन इसके बाद ब्लॉक स्तर पर लगातार वर्कशॉप आयोजित की गईं। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बैंकर्स और आवेदकों की आमने-सामने काउंसिलिंग कराई गई, जिससे तेजी से लोन स्वीकृति और वितरण संभव हो सका। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आजमगढ़ को 2,500 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 7,315 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 6,253 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 3,219 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। इस प्रकार जिले ने 128.76 प्रतिशत का उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें एक सशक्त उद्यमी के रूप में स्थापित कर समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# प्रभु की शरण में आकर ही मिलेगी समस्त बंधनों से मुक्तिः अंकित जी महाराज



आजमगढ़। सठियांव स्थित प्रभा स्नेह मंडपम परिसर में चल रहे श्री हरिनारायण महायज्ञ के सातवें दिन कथा वाचक पूज्य अंकित जी महाराज ने उद्धव श्री कृष्ण संवाद का वर्णन किया। उन्होंने कहाकि भगवान श्री कृष्ण कहते है कि उद्धव सुख-दुख देह की प्राप्ति सभी माया से है। एक ही शरीर रूपी वृक्ष में घर बनाकर जीव और ईश्वर दो पक्षी रहते है। उनमे से एक कर्म का फल खाता है तो दूसरा ईश्वर न खाकर भी पुष्ट ज्ञानी रहता है। उन्होंने एक श्लोक के अर्थ बताया कि सूर्य, अग्नि, ब्राह्मण, गाय, वैष्णव, अतिथि, वायु, जल, भूमि, आत्मा, सर्वभूत ये सभी प्रभु के पूजा के स्थान है। समर्पण और निष्काम कर्म का सार है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों, योगों और विधियों को छोड़कर केवल प्रभु की शरण में आ जाओ। वे पाप मुक्त कर देंगे और समस्त बंधनों से मुक्ति दिलाएंगे, क्योंकि उन्होंने नियति को परम सत्य बताया।

भागवत वक्ता पूज्य आशीष जी महाराज ने कहाकि शुक्रदेवजी ने राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्त होने के लिए सांसारिक मोह का त्याग कर भगवान विष्णु/कृष्ण की भक्ति और श्रीमद्भागवत कथा सुनने का उपदेश दिया। आत्मा अजर-अमर है, शरीर नश्वर है, और मोह ही सभी दुखों का कारण है। उन्होंने आत्म-ज्ञान का बोध कराया। कार्यक्रम आयोजक अवनीश पांडे ने कहा कि हम लोग बहुत ही सौभाग्यशाली है कि भगवान की चर्चा को सुनने का अवसर मिल रहा है इस यज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण हेतु किया गया है। एमएलसी प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने कहा कि धर्म से ही संस्कार की प्राप्ति होती है पूर्वजों के बताए हुए रास्ते पर चलना चहिए। अंत में प्रभु की आरती के बाद कथा को विश्राम दिया गया। कथा में मनोज पाण्डेय, सौरभ उपाध्याय, शशिशंकर पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, सुभाष तिवारी कुंदन, नैनू शुक्ला, राजू पाठक, सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## बेहतरीन कार्य के लिए डीएम सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के अलावा रविन्द्र कुमार जिलाधिकारी आजमगढ़, अनुनय झा जिलाधिकारी हरदोई, अनुपम शुक्ला जिलाधिकारी अंबेडकर नगर और मृदुल चैधरी जिलाधिकारी झांसी को भी गृह मंत्री जी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, जिलाधिकारी जौनपुर डॉ0 दिनेश चंद्र के अथक प्रयासों से जनपद कई महीनों से शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।

इस योजना में आजमगढ़ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर है। यूपी दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बताया कि स्वरोजगार प्रदान करने के युवाओं को बैंक से जोड़ने के लिए के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जौनपुर को 2500 युवाओं को वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वरोजगार के लिए लोन दिलवाने का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य के सापेक्ष 8240 आवेदनपत्र प्राप्त हुए। इनमें से 7033 आवेदनपत्र बैंक को भेजे गए। परीक्षण के बाद 3315 आवेदकों को ऋण स्वीकृत किया गया। इस तरह से लक्ष्य के सापेक्ष ऋण स्वीकृत का 132 प्रतिशत रहा।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी शुरू

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के यूओ कान्वेंट स्कूल (गुरुकुलम) कोटा शिव प्रताप सिंह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में गणतंत्र दिवस की बड़ी शिद्दत व श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाने की तैयारी हो रही है। झांकियों का पूर्वाभ्यास करते हुए, घुड़सवार, रानी लक्ष्मी बाई, एपीजे अब्दुल कलाम, मिसाइल के साथ मंगल पाण्डेय और पिरामिड के कई पूर्वाभ्यास कराया गया। वहीं ओमकार नाथ पाण्डेय ने अवगत कराया कि उमा ओम शिक्षण संस्था द्वारा संचालित इस स्कूल के बच्चों द्वारा कुछ महापुरुषों की विशेष झाकियां सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक कोटा मार्केट चौराहे से हलिया रोड पर अनोखी झांकी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजना अग्रवाल द्वारा ध्वजा रोहण कर भारत की शान तिरंगे को आसमान में लहरा कर राष्ट्रगान के साथ वन्देमातरम का गायन किया जाएगा।

# गलरा गौ आश्रय स्थल पर बीमार गोवंश की आंख नोच रहे कौए

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। हलिया विकास खंड के गलरा गौ आश्रय स्थल पर बीमारी से जूझ रहे गोवंश दवा इलाज के अभाव में मौत के मुंह में समा रहे हैं। शनिवार को गलरा गौ आश्रय स्थल पर मरणासन्न अवस्था में पड़े दो गोवंशों की दयनीय हालत देखने को मिली। मौत की सांसें गिन रहे एक गोवंश की आंख को कौवा बेरहमी से नोच रहा था।शासन द्वारा गोवंशों की सुरक्षा को लेकर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं वहीं गोवंशों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं।गलरा गौ आश्रय स्थल पर एक तड़प रहे एक गोवंश की आंख में कौवा चोंच मारता दिखाई दिया। जो आश्रय स्थल पर गोवंशों की सुरक्षा की पोल खोल रहा है। गोवंशों की सुरक्षा के प्रति सरकार जहां गंभीर हैं वहीं गोवंशों की देखभाल में लगे जिम्मेदार उनके दवा इलाज तक का इंतजाम नही कर पा रहे हैं। गौशाला में चारों ओर कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गलरा गौ आश्रय स्थल पर वर्तमान में 347 गोवंश मौजूद हैं। गौ आश्रय स्थल पर बदइंतजामी और ठंड की चपेट में आकर गोवंश बीमार होकर तड़प रहे हैं। बीमार गोवंशों की देखभाल व इलाज करने के लिए पशुपालन विभाग की टीम भी समय से नही आती है। गौशाला कर्मचारियों ने बताया पशु चिकित्सक पांच दिन पहले गौशाला पर आए थे वहीं इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया की सीवीओ भूपेंद्र कुमार पाठक को जांच के लिए भेजा गया जांच करा कर उचित कार्यवाही कराई जायेगी।

# न्यायमूर्ति ने पदाधिकारियों दिलायी शपथ

जौनपुर। मछलीशहर तहसील परिसर में शनिवार को अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि नव निर्वाचित पदाधिकारियों से मेरी अपील है कि अपने कार्यकाल में कोई ऐसा कार्य करें जो भविष्य के लिए मिशाल बन सके।युवा अधिवक्ता सीनियर से सबसे पहले कानूनी जानकारी और तौर तरीके सीखें।अधिवक्ता समाज से जनता को अपेक्षा रहती है, उसको पूरा करें।पूरी जिम्मेदारी के साथ मुकदमें की शुरूवात करें कि मामला हाई कोर्ट न पहुंचे।अधिवक्ता को समाज में बदलाव लाने के लिए अच्छी सोच होनी



चाहिए, अपने स्तर से कोई कमी न रहे।विशिष्ठ अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ, तहसीलदार रवि रंजनकश्यप, क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, डॉ. तेज बहादुर यादव, डॉ. आर बी. चैहान आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव महामंत्री आलोक विश्वकर्मा ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनींद्र दूबे, कोषाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार मौर्य ,आय व्यय निरीक्षक पद पर अनुराग सिन्हा सहित सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। चुनाव समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव, यज्ञ नारायण सिंह, दयानाथ पटेल आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अध्यक्षता हुबेदार पटेल संचालन विनय प्रिय पांडेय ने किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस का मनाया गया जन्म दिवस



जिला संवाददाता(vol)

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के शांति उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय पांडेयपुर लहंगपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिन बड़े धूम धाम से मनाया गया। देश को दिशा दिखाते नेताजी के आदर्शों को याद किया गया।

कॉलेज के बच्चों द्वारा नेताजी के सर्वोच्च बलिदान याद कर विविध कार्यक्रम किए। कॉलेज की प्रबंधिका श्रीमती नगीना देवी ने बताया कि तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा‍ का नारा देने वाले नेता सुभाष चंद्र बोस जी का जनपद से गहरा नाता रहा है। नेताजी सन-1939 में बग्घी पर बैठ कर लालगंज पहुंचे थे वहां जनसभा करके देश को आजादी की अलख जगाते हुए स्वतंत्रता आंदोलन को धार दिया था। बताते है उस समय नेता जी कोलकाता से रेलगाड़ी से मीरजापुर पहुंचे और बग्घी से आकर लालगंज में जनसभा की थी। देश आज उस महान जीवन को नमन करता है, जो साहस, त्याग और स्वतंत्रता के प्रति अदम्य जनून से भरा हुआ था। इतिहास के पन्नों में मिलता है कि कम उम्र से ही नेता जी में एक दुर्लभ नैतिक दृढ़ता दिखाई देती थी। उन्होंने भारतीय सिविल सेवा में मिला प्रतिष्ठित पद भी छोड़ दिया था ताकि वो पूरी तरह से भारत की आजादी के लिए समर्पित कर सके। कॉलेज के प्रभारी आचार्य सुभाष चंद ने बताया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को देशनायक करार देते हुए कहा था कि कठिन समय में किसी भी देश को एक ऐसे प्रेरित और वीर नेता की आवश्यकता होती है जो चुनौतियों से उठकर पूरे जोश के साथ नेतृत्व कर सके। नेता जी पूरे विश्वास के साथ कहा था दुनिया की कोई ताकत हमसे हमारे जन्मसिद्ध अधिकार स्वतंत्रता नहीं छीन सकती। उनका यह विश्वास आजाद हिंद फौज से साकार हुआ। नेता जी का ओजपूर्ण आह्वान तुम मुझे खून दो मै तुझे आजादी दूंगा और उनका यह कथन कि आजादी दी नहीं जाती ली जाती है नेता जी उन दुर्लभ नेताओं में एक थे जिनमे बौद्धिक गहराई और निडर कर्म दोनों का अद्भुत मेल था। आज देश उन्हें नमन करता है उनकी वीरगाथा को याद किया जाता है। हमें उनसे सीख मिलती है कि अपने देश के प्रति सच्ची श्रद्धा रखनी चाहिए।

# चोरों ने ताला तोड़कर बीस से ज्यादा घंटे किये पार, भक्तों में आक्रोश



लालगंज, मीरजापुर। करनपुर लालगंज के बॉर्डर के पास पहाड़ पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर ककोरे नाथ में बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर करीब 20 नग घंटा छोटा बड़ा चोरी कर लिया। शनिवार भोर करीब 4:30 बजे पूजा करने गए भक्तों को चोरी की जानकारी होने पर होश उड़ गए। दुबरा पहाड़ी निवासी नागेंद्र सिंह ने बताया कि रोज की बात शुक्रवार को भी 8:30 बजे रात मंदिर के दरवाजे पर ताला लगाकर सभी भक्त घर चले गए। सुबह पूजा करने गए सुरेश सिंह राम गरीब शर्मा के साथ कई भक्त मंदिर पर पहुंचे तो देखा कि मंदिर के गर्भ गृह में टंगे घंटे चोरी हो गया। एक घंटा मंदिर के अंदर गर्भगृह में व एक घंटा बाहर बचा है। नागेंद्र सिंह ने बताया कि छोटा बड़ा करीब 20 नग घंटा मंदिर परिसर व गर्भगृह से चोरी हुआ है। वहीं 1 साल से बंद दान पेटी को चोरों ने रम्मे की मदद से तोड़कर भक्तों द्वारा दिया गया दान भी उठा ले गए। बताया कि 1 वर्ष पूर्व दान पेटी साल भर में खोली गई थी जिसमें 37735 निकले थे। बताते चले कि इसके 1 वर्ष पूर्व भी मंदिर परिसर व गर्भगृह से चोर घंटे की चोरी कर लिए थे जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा पकड़ लिया गया था। ग्रामीणों ने कहा कि रात के समय क्षेत्र में पुलिस अगर गस्त करती तो चोरी की घटना ना होती। चोरी की घटना को लेकर भक्तों में आक्रोश व्याप्त है।

# घर में घुसकर लाखों की चोरी

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के समेंदा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। निरंतर हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार पीड़ित केशव सिंह पुत्र इंद्रदेव सिंह, निवासी ग्राम समेंदा थाना सिधारी के घर चोर रात के अंधेरे में घुस आए। उस समय घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने घर में रखी एक पेटी को उठाकर छत पर ले गए और वहां उसे तोड़कर उसमें रखा कीमती सामान चुरा लिया। पेटी में सोने का एक हार, चार सोने की चूड़ियां, पांच सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी झुमके, पायल सहित लगभग 10 हजार रुपये नगद रखे थे, जिसे चोर लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजन जागे तो छत पर बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। चोरी की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सिधारी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह तथा जेल चैकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरी के तरीके को देखते हुए पुलिस ने इसे सुनियोजित वारदात बताया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य संकलन के लिए डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## इमाम हुसैन और अब्बास का मना जन्मदिन

जौनपुर। इस्लामी माह के शाबान महीने के 3 तारीख वा 4 तारीख को हजरत हजरत अली के पुत्र हजरत इमाम हुसैन और हजरत अब्बास के जन्मदिवस पर शुक्रवार वा शनिवार को नगर में कई स्थानों पर शरबत की सबील, फल मिठाईयां व अन्य सामान लोगों में वितरित कर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने घरों में मीठे पकवान बनाकर नज्र दिलवाई व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबाकरबाद पेश की। सिपाह चैराहे पर आई.एम. चैरिटेबल ब्लड सेंटर के नेतृत्व में कैंप में लोगों ने रक्तदान किया वा हर राहगीरों को पानी, शरबत, मिठाई, फल, पूडी सब्जी वितरित किया गया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने मानवता को बचाने के लिए अपना पूरा परिवार कुर्बान कर दिया था। आज उनका जन्मदिन हम लोग मना रहे है।ऐसे में उनके पैगाम को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का मकसद हम लोगों का है जिससे कि आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर वली हैदर, मजहर इरफान, आजमी डॉ आदित्य सिंह. महशर हुसैन, लायक हैदर, मोहम्मद नवीन, फैज हसन अब्बास, मुनव्वर हुसैन, हैदर खान डॉ मेजर ऐके मौर्य. डॉ मुकेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## दिलायी गयी मतदाताओं को शपथ

जौनपुर। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल और कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ का सामूहिक रूप से वाचन दोहराया। शपथ- हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, शिवकुमार, महमूद अली, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

सुगापाख, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के लालगंज-कलवारी मार्ग पर ग्राम सभा गोपालपुर में सेमरा भैंसवारे गांव निवासी युवक नीरज व विकाश सड़क दुघर्टना में घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से उपचार के लिए भिजवाया गया है। बताया गया है कि दोनों बाइक से कहीं जा रहें थे कि तभी यह दुर्घटना होनी बताई जा रही है।

## ट्रैक्टर में भिड़ कर दो पुलिस जवान घायल, गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर

लालगंज, मीरजापुर। विंध्याचल धाम से ड्यूटी कर लालगंज थाने वापस लौट रहे दो हेड कांस्टेबल सुभाष यादव एवं अजय यादव सामने से आ रहे ट्रैक्टर में भिड़ कर घायल हो गए।? दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचाया गया।जिसमें 45 वर्षीय हेड कांस्टेबल सुभाष यादव को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। लालगंज थाने के हेड कांस्टेबल सुभाष यादव और अजय यादव दोनों एक ही बाइक से विंध्याचल में ड्यूटी करने के बाद चार बजे भोर लालगंज थाना पर वापस लौट रहे थे। लालगंज गैपुरा मार्ग पर कुशियरा फाल के सामने लालगंज से गैपुरा की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों हेड कांस्टेबल बाइक समेत गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। जहां अजय यादव को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल सुभाष यादव को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल सुभाष यादव का पैर फ्रैक्चर होने के कारण ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है उनके गाजीपुर स्थित स्वजनो को सूचना दे दी गई है।

## यूजीसी नियमों के विरोध में करणी सेना व सवर्ण समाज का मांग-पत्र, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

मीरजापुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एवं जनपद मीरजापुर के समस्त सवर्ण समाज ने यूजीसी द्वारा लाए गए नए नियमों के विरोध में कड़ा रुख अपनाया है। संगठन की जिला इकाई के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित



एक मांग-पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया।

करणी सेना ने यूजीसी के इन नियमों को ह्नकाला कानूनह्न बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षा संस्थानों में लागू किए जा रहे नियम तुष्टिकरण और जातिगत राजनीति से प्रेरित हैं, जो न केवल संविधान की मूल भावना के खिलाफ हैं बल्कि देश की एकता और निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था को भी नुकसान पहुचा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नियमों से सामान्य वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है, जिससे उनका आत्मसम्मान और भविष्य दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। संगठन का कहना है कि नई व्यवस्था के अंतर्गत गठित इक्विटी कमेटियों में निष्पक्ष प्रतिनिधित्व का अभाव है तथा शिकायतों की परिभाषा अत्यंत व्यापक होने के कारण शिक्षा संस्थानों में भय का माहौल बन रहा है। झूठी शिकायतों पर जवाबदेही तय न होना भी गंभीर चिंता का विषय बताया गया। करणी सेना ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि एकतरफा और असंतुलित प्रणाली के खिलाफ है। संगठन ने मांग की कि सभी छात्रों के लिए समान और निष्पक्ष शिकायत तंत्र बनाया जाए तथा शिक्षा को राजनीति से दूर रखा जाए। अंत में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने यूजीसी के इन नियमों पर पुनर्विचार नहीं किया, तो सवर्ण समाज सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करने को मजबूर होगा। संगठन ने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर अपने बच्चों के भविष्य और समान न्याय के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।

